पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

——————

राज्यपाल ने उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के नवनिर्मित क्षेत्रीय केंद्र, कानुपर का लोकार्पण किया

——————

शिक्षा से वंचित रह गए लोगों को मुक्त विश्वविद्यालय से काफी आशाएं

——————

विश्वविद्यालयों को अपने शिक्षा पाठ्यक्रमों में नवीन परिवर्तनों के साथ लोक कल्याणकारी कार्यक्रमों को प्रारंभ करना चाहिए

—राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

——————

लखनऊः 08 जून, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज जनपद कानपुर में उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के क्षेत्रीय केंद्र के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। यह भवन भूखंड संख्या—4 ब्लॉक डब्ल्यू योजना—2 बी एम मार्केट, जूही कानपुर में स्थित है।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालयों को अपने शिक्षा पाठ्यक्रमों में नवीन परिवर्तनों के साथ लोक कल्याणकारी कार्यक्रमों को प्रारंभ करना चाहिए। शिक्षा से वंचित रह गए लोगों को मुक्त विश्वविद्यालय से काफी आशाएं हैं। युवाओं को ज्ञान के साथ—साथ नवीन तकनीक, प्रशिक्षण और कौशल विकास की आवश्यकता है।

उन्होंने क्षेत्रीय केंद्र कानपुर के भवन का उद्घाटन करते हुए कहा कि कानपुर नगर उत्तर प्रदेश की औद्योगिक राजधानी है। यहाँ बहुत से औद्योगिक क्षेत्र एवं औद्योगिक घराने हैं। विश्वविद्यालय इनके साथ मिलकर युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान करे। जिससे उन्हें कौशल युक्त रोजगार प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि समय की मांग के अनुसार कौशल विकास, इनक्यूबेशन सेंटर और स्टार्ट अप आदि क्षेत्र में

युवाओं को प्रशिक्षण की आवश्यकता है। राज्यपाल जी ने कहा कि हमारी नई पीढ़ी को तकनीकी ज्ञान में दक्षता हासिल होनी चाहिए। मुक्त विश्वविद्यालय को उन्नत खेती पर आधारित कार्यक्रमों के बारे में किसानों को बताना चाहिए कि वे ऐसी खेती करें जिससे मिट्टी उर्वरा शक्ति से सशक्त हो। उन्होंने महिलाओं को पोषण युक्त आहार दिए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 को भारत में श्री अन्न वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। राज्यपाल जी ने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय को तकनीकी विश्ष्वविद्यालयों के साथ भी एम0ओ0यू0 करना चाहिए जिससे तकनीकी ज्ञान में दक्ष युवाओं को भी पढ़ाई का अवसर प्राप्त हो सके।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री श्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि दूरस्थ शिक्षा की उपयोगिता बढ़ रही है और शिक्षा जगत की विसंगतियां दूर हो रही हैं। राज्य मंत्री उच्च शिक्षा श्रीमती रजनी तिवारी ने कहा कि दूरस्थ शिक्षा की वर्तमान में बहुत आवश्यकता है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 सीमा सिंह ने विश्वविद्यालय का संक्षिप्त परिचय दिया।

इस अवसर पर राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा 'ओजोन संरक्षण एक चुनौती' विषयक पुस्तक का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल जी ने मटकी में जलधारा प्रवाहित कर जल भरो कार्यक्रम के साथ जल संरक्षण का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में कानपुर की महापौर श्रीमती प्रमिला पांडेय, विधायक श्री महेश त्रिवेदी, श्रीमती नीलिमा कटियार, विश्वविद्यालय के निदेशक, अधिकारी एवं विशिष्ट जन उपस्थित रहे।

डॉ0 सीमा गुप्ता,
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र 8318116361

उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्या
क्षेत्रीय केन्द्र भवन, कानपुर - लोकार्प
दिनांक- 8 जून 2023, दिन - वृहस्प
श्री योगेन्द्र उपाध्याय